कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री रामजीलाल मीना पुत्र श्री भगवानसहाय मीना ग्रा0प0 महेश्वरा कलां पंसं. दौसा जिला दौसा 303315 राज.।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 02/2020

निर्णय दिनांक : 19.02.2020

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट द्वारा यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2020/459 दिनांक 11.02.2020 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। उपखण्ड अधिकारी दौसा द्वारा प्राप्त जबाव पत्र क्रमाकःआरटीआई/2020/231 दिनांक 18.02.2020 मे अंकितानुसार श्री रामजीलाल मीना पुत्र भगवानसहाय मीना निवासी महेश्वराकलां प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के संबंध मे चाही गई सूचना सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 8 (ई) के अध्यधीन होने एवं राज्य निर्वाचन आयोग के पत्रांकः एफ 4(2)(1)पंचा एवं न0पा0/रानिआ/94/955 दिनांक 02.02.95 मे अंकित बिंदु संख्या 3 मे वर्णित प्रावधानों के अनुसार उनके कार्यालय के पत्रांक निर्वा/पंचु/नकल/2020/6190 दिनांक 28.01.2020 द्वारा प्रार्थी को उपलब्ध करवा दिया जाना व्यक्त करते हुए उक्त पत्र की छायाप्रति इस कार्यालय मे प्रेषित की गई है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वॉछित सूचना के संबंध मे जानकारी नियमानुसार उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official